बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

अधिसूचना

विषय—बिहार राज्य के ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त डी०एल०एड० कोर्स संचालित करने वाले राजकीय एवं अराजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा डी०एल०एड० (फेस टू फेस) पाठ्यक्रम में सत्र 2021—2023 से नामांकन संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर करने के संबंध में।

बिहार राज्य ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त डी.एल.एड. प्रशिक्षण कोर्स संचालित करने वाले राजकीय/अराजकीय प्रशिक्षण संस्थानों/महाविद्यालयों में विभागीय अधिसूचना संख्या—12/विविध—11/2016—312 दिनांक—15.12.2020 द्वारा डी.एल.एड. प्रशिक्षण कोर्स के सत्र 2021—2023 में नामांकन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर लेने का निर्णय लिया गया था।

कोविड—19 महामारी से उत्पन्न स्थिति के परिणाम स्वरूप एवं अन्य कतिपय कारणों से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा अबतक संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी है। इसमें विलम्ब हो चुका है और वर्त्तमान में और विलम्ब होने की सम्भावना है। पूर्व के निर्णय के कार्यान्वयन में विलम्ब को देखते हुए सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पत्रांक—के०वि०—136/2021 दिनांक—13.07.2021. द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में डी.एल.एड. प्रशिक्षण कोर्स के सत्र 2021—2023 में नामांकन राज्य के सभी राजकीय एवं अराजकीय मान्यता प्राप्त शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों/संस्थानों में पूर्व से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लेने के निर्णय पर विभागीय स्वीकृति दी गई है। यह व्यवस्था मात्र सत्र 2021—2023 में नामांकन के लिए ही की गई है।

इस संदर्भ में इससे पूर्व नामांकन प्रक्रिया से संबंधित निर्गत सभी संकल्प/अधिसूचना सत्र 2021—2023 के लिए इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/—

(अरशद फिरोज)
उप सचिव
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक—12/विविध—11/2016............................ पटना, दिनांक— ....

प्रतिलिपि—अधीक्षक राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि 500 प्रतियाँ प्रकाशित कर उपलब्ध कराई जाय।

ह०/—
उप सचिव

ज्ञापांक–12 / विविध–11 / 2016............................ पटना, दिनांक– ....

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री शिक्षा विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० / –
उप सचिव

ज्ञापांक–12 / विविध–11 / 2016............................ पटना, दिनांक– ....

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक / सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी / राज्य के सभी NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से संबद्धता प्राप्त राजकीय एवं अराजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / सभी जिला कल्याण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –
उप सचिव

ज्ञापांक–12 / विविध–11 / 2016............................ पटना, दिनांक– ....

प्रतिलिपि–निदेशक प्राथमिक शिक्षा / निदेशक माध्यमिक शिक्षा / निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना / राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना / सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह० / –
उप सचिव

ज्ञापांक–12 / विविध–11 / 2016–254 पटना, दिनांक– 20/07/2021

प्रतिलिपि–आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/7/21

उप सचिव